Statement

Sl No.	Product	Composition
1.	Saridon Tablet	1-Phenyl-2, 3-dimethyl-4-Isopropyl-5-Pyrazolon 0·15 gm, 4-Acetaminophenol 0·25 gm 3, -3 dietnyl-2, 4-dioxo-Tetrahydropyridine 50 mg, 1, 3, 7, Trimetnyl-2, 6-dioxopurine 46·75 mg.
2.	Equagesic Tablet	Meprobamate 0·15 gm Etnopheftazine Citrate 75 mg Aspirin 0·25 mg
3.	Betadine	Providone Iodine
4.	Burnol	Eufloavine 0 1%
5	Nebasulf	Neomycin Sulphate Bacitracin Sulfacetamide
6	Agarl	Paraffin Liquid 9·54 ml Phenolphthalon 400 mg Agar 60 mg
7.	Iode	Iodine 4% w/w

Exclusion of Procaine Hcl from price control list

847. SHRIMATI RATAN KUMARI : Will ihe Minister of INDUSTRY be pleased to state :

(a) whether it is a, fact that Procaine Hcl has been excluded from price control;

(b) what are the names of the producers of this drug along with the brand names and theh sales turn-over during 1986; and

(c) for what considerations this drug has not been included in the price control list by the Expert Commrttee ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CHEMICALS AND PETRO-CHEMICALS IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRSI R K. JAICHANDRA SINGH) : (a) Yes. Sir.

(b) The details required are quite voluminous and are not readily available The time and eftorts lequired for collection of these will not be commensurance with the lesulls likely to be achieved.

(c) The Piocain Hcl. has not been in-.cluded in the price control list by the Expert Committee on the basis of the exclusion criteria adopted by it.

राज्यों में एल पी जी विक्रेताओं के लिए निर्धारित कोटा

848 **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्य-वार, ऐसे एल पी जी विक्रेताओं की संख्या कितनी है जिन्हें उपभोक्ताओं की आपूर्ति हेतु 6,500 एल पी जी सिलेण्डरों से कम का कोटा स्वीकृत किया गया है;

(ख) ऐसे विक्रेताओं के नाम और पते क्या हैं;

(ग) क्या उनके कोटे में वृद्धि करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि वे अपनी पूरी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) (क) हालांकि एल पी जी वितरकों के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं किया गया है, फिर भी एल पी जी वितरकों द्वारा बेचे जाने वाले रिफिलों की अधिकतम संख्या तेल कम्पनियों ने निर्दिष्ट की है इनका ब्यौरा इस प्रकार है :—

निम्नलिखित जनसंख्या	प्रतिमाहरि किलों
(1) 50,000 से नीचे	4,000
(2) 50,000 से ऊपर 2 लाख	4,000
(3) 2 लाख से ऊपर 10 लाख	4,000
(4) 10 लाख से ऊपर 20 लाख	5,000
(5) 20 लाख से ऊपर 40 लाख	6,000
(6) दिल्ली, मद्रास और कलकत्ता	6,500
(7) बम्बई	8,000

(ख) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) उत्पादों की उपलब्धता तथा बाटलिंग क्षमता सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं होने पर तेल कम्पनियां नए उपभोक्ताओं के नामांकन के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार नए कनेक्शन जारी करती हैं। इसके अनुसार चरणबद्ध रूप से आर्थिक व्यवहार्यता के स्तर तक लाने के लिए नई वितरणशिपों के माध्यम से कनेक्शन जारी किए जाते हैं।

समापन प्रमाण-पत्रों का सत्यापन

849. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली के एल पी जी विक्रेताओं को देश के विभिन्न भागों से उनको समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि अनेक समापन प्रमाण-पत्र जाली पाये गये हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उनकी वास्तविकता का पता लगाने के लिए कोई जांच करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) कुछ प्राप्त टर्मिनेशन वाउचर (टी वी) जांच करने पर जाली पाए गए।

(ग) और (घ) जी, नहीं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कनेक्शन देने के बाद वितरक को टी वी की प्रमाणिकता की पुष्टि उसे जारी करने वाले वितरक से करानी होती है। यदि टी वी प्रामाणिक नहीं पायी जाती है तो तत्काल सप्लाई बंद कर दी जाती है और उपकरण प्राप्त करने के प्रयास किए जाते हैं।

सन्त नगर, दिल्ली में बिजली की आपूर्ति

850. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सन्त नगर, दिल्ली-110009 के निकट बुराड़ी गांव में बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या 1987-88 के दौरान सन्त नगर क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति के संबंध में कोई प्रस्ताव हैं, और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) से (घ) दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान के अनुसार बुराड़ी गांव पहले से ही विद्युतीकृत है। इस गांव की सन्त नगर कालोनी को ग्रामीण आबादी के रूप में अधिसूचित किया गया था और यह कालोनी दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान द्वारा 1986 में विद्युतीकृत की गई थी। सामान्य वाणिज्यिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद संभावित उपभोक्ता बुराड़ी गांव और संत नगर में बिजली के कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं।

Exclusion of Duolut-on from Price Control Lists

851. SHRIMATI RATAN KUMARI: Will the Minister of INDUSTRY be pleased o state :

(a) whether it is a fact hat Duoluton, Menstrogen, Ovral and Mixogen are not :overed under price control;

(b) whether it is also a fact that these are essential medicines;

(c) what was the sales turnover of each of these medicines dunng the last two yeais, year-wise;

(d) what aie the names of the bulk drugs of these medicines and what was the sales Uun-ovei of each during 1986; and

(e) on what grounds these drugs have not been included in the pi ice control lists ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CHEMICALS AND PETRO-CHEMICALS IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI R. K. JAICHANDRA SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) and (e) The bulk drugs on which the formulations referred to in the question